F 4832

00004832

Reg. No.................................

Name.....................................

FIVE YEAR B.A., LL.B./ B.Com., LL.B. (HONOURS) DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2023

Fifth Semester

FH 2—Additional Language—HINDI—Paper—II
(Common to B.A., LL.B. (H) and B.Com., LL.B. (H)

(2020 Admissions—Regular/2018 and 2019 Admissions—Supplementary)

Time : Three Hours | Maximum Marks : 75

I. कोष्ठक से **सही** उत्तर चुनकर लिखिए :

1 वस्तु शब्द में कितने वर्ण हैं ?

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छ:

2 बनावट के अनुसार स्वरों के कितने भेद हैं ?

(क) तीन (ख) चार

(ग) पाँच (घ) छ:

3 इसमें समूह वाचक संज्ञा कौन सी है ?

(क) गुच्छा (ख) चाँदी

(ग) हाथी (घ) दिल्ली

4 शीघ्रता से मत लिखो—यहाँ से कौन सा कारक है ?

(क) करण (ख) अपादान

(ग) कर्म (घ) सम्बन्ध

5 मैं कर सकता हूँ। 'कर' कौन सा क्रिया है ?

(क) नामधातु (ख) प्रेरणार्थक

(ग) संयुक्तक्रिया (घ) सहायक क्रिया

(5 × 1 = 5)

Turn over

II. एक **या** दो वाक्यों में उत्तर लिखिए :

6 कर्म और सम्प्रदान तथा करण और अपादान कारक में क्या अन्तर है ?

7 संज्ञा वाचक विशेषण और परिमाण वाचक विशेषण में क्या अन्तर है ?

8 अव्यय कितने प्रकार के हैं ?

9 वाच्य के कारण क्रिया के कितने भेद हैं ? कौन-कौन ?

10 सर्वनाम के कितने भेद हैं ? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण सहित लिखिए ।

(5 × 2 = 10)

III. किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

11 मैं आज नाच नहीं किया ।

12 उसने गाड़ी खुद चलाती थी ।

13 कल हमने आपकी कार लौटायेंगे ।

14 वासुदेव ने पिछले महीने से हिन्दी सीखने लगी ।

15 मैं झूठ नहीं बोला ।

16 शीला की भाई का नाम यदू है ।

17 वह लड़का रात को मार खाया ।

(5 × 1 = 5)

IV. अनुच्छेद लिखिए :

18 भारतीय नारी

अथवा

19 परिवार नियोजन ।

(1 × 5 = 5)

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

20 अपने नगर के स्वास्थ्याधिकारी को एक पत्र लिखिए जिसमें अपने मोहल्ले की सफाई कराने की प्रार्थना हो ।

अथवा

21 आप अपनी परीक्षा पास करने के बाद जो कुछ करना चाहते हैं उस विषय में पिताजी के नाम पत्र लिखिए

(1 × 5 = 5)

VI. नीचे दिये गये संकेत बिंदुओं के आधार पर निबन्ध लिखिए :

22 भ्रष्टाचार - (प्रस्तावना, भारत राष्ट्र का, आदर्श मानव को भौतिक सुखों की तृष्णा मानव, की तत्परता अन्याय की ओर, व्यापार के क्षेत्र में भ्रष्टाचार, भ्रष्टाचार का मूल कारण, सादा जीवन और उच्चविचार का नाश, भ्रष्टाचार का उन्मूलन के लिए कदम, समाज को बचाने के लिए उपाय, निष्कर्ष)

अथवा

23 विद्यार्थियों में अनुशासन का महत्व -(प्रस्तावना, अनुशासन का अर्थ, विद्यार्थियों में अनुशासन की आवश्यकता, व्यक्ति की उन्नति के लिए अनुशासन, समाज की उन्नति के लिए अनुशासन, सरकारी दफ्तरों में अनुशासन की आवश्यकता, परिवा में अनुशासन की जरुरत, अनुशासन हीनता से देश का दुष्परिणाम, निष्कर्ष)

(1 × 5 = 5)

VII. नीचे दिये गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

लगभग दो सौ वर्ष की गुलामी ने भारतीय राष्ट्रीय स्वाभिमान को पैरों से रौंद डाला, हमारी संस्कृति को समाप्त कर दिया । हमारे विश्वासों को दिला दिया । और हमारे आत्मविश्वास को चकना चूर कर दिया । किन्तु अपने इस बूढ़े देश से प्यार करने वाले, इसके एक सामान्य संकेत पर प्राण व्याछावर करने वाले दीवानों का अभाव न था । एक आवाज उठी और देखते ही राष्ट्र का दबा हुआ आत्माभिमान उन्मत हो उठा । इतिहास साक्षी है-जाने और अनजाने सहस्रों देशभक्त स्वतंन्त्रता की अनमोल निधि को पाने के लिए शहीद हो गये ।

Turn over

प्रश्न :

24 हमारी संस्कृती को नष्ट करने वाले लोग कौन थे ?

25 इतिहास किस बात की साक्षी है ?

26 भारतीय राष्ट्रीय स्वाभिमान नष्ट होने का कारण क्या है ?

27 भारत में किसका अभाव न था ?

28 इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

(5 × 1 = 5)

VIII. पारिभाषिक शब्द लिखिए

29 Assurance.

30 Endorsement.

31 Grant.

32 Notification.

33 Unemployment.

(5 × 1 = 5)

IX. अनुवाद कीजिए :

34 A short history of the case under consideration is given.

35 Action may be taken as proposed.

36 विसंगति का समाधान कर लिया जाए ।

37 जरुरी कार्रवाई कर दी गई है ।

38 प्रारूप अब जारी कर दिया जाए ।

(5 × 1 = 5)

X. **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

39 कहानी के तत्वों के आधार पर कफन की समीक्षा कीजिए ।

40 'राम की शक्तिपूजा' में राम की शक्ति साधना का परिचय दीजिए ।

41 भीष्म को क्यों अवतार नहीं माना गया ?

42 स्कंदगुप्त नाटक के आधार पर प्रसाद जी की इतिहास दृष्टि का विवेचन कीजिए ।

43 बाणभट्ट की आत्मकथा के आधार पर पं. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के नारी विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए ।

44 कहानीकार प्रेमचन्द का परिचय दीजिए ।

(5 × 5 = 25)